प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध,
समस्त निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्था।

पत्रांकः प्राशिप/परिषद/2024/3051 **लखनऊः दिनांकः 19/07/2024**

विषयः अग्निवीर वायु इनटेक 02/2025 (पुरूष और महिला) की सम्पन्न होने वाली भर्ती के संबंध में।

महोदय,

कृपया, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश कानपुर के पत्र पृ0सं0: 31980–32083/ई–प्रशा0 कोशल विकास, कानपुरः दिनांकः 18 जुलाई, 2024 **(छायाप्रति संलग्नक 01)** के साथ संलग्न प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3 उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0: 3099/199/2024–प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, I/691481, दिनांकः 12.07.2024 **(छायाप्रति संलग्नक 02)** के साथ संलग्न गृह (गोपन) अनुभाग–2 के पत्र सं0: आर–182/2024–सी0एक्स0–2, दिनांकः 04.07.2024 **(छायाप्रति संलग्नक 03)** (संलग्न विंग कमांडर, कमान अधिकारी, 3 वायु सैनिक चयन केन्द्र वायुसेना स्टेशन कानपुर का पत्र सं0: 3ASC/C 268/1/एच आर एम (आर टी जी)(बी एम–II), दिनांकः 22.06.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से अग्निवीर वायु इनटेक 02/2025 (पुरूष और महिला) की तीन चरणों में सम्पन्न होने वाली भर्ती हेतु विज्ञापन जारी होने, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन तथा प्रथम चरण की ऑनलाइन परीक्षा की तिथियों की सूचना के अर्न्तगत राज्य के अधीन आने वाले समस्त शिक्षा विभागों, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उच्च शिक्षण संस्थानों/ विद्यालयों एवं संबंधित अधिकारियों के माध्यम से यह जानकारी अधिक से अधिक विद्यार्थियों/ जनमानस/युवाओं तक पहुंचाने की अपेक्षा की गई है ताकि वे भर्ती में सम्मिलित हो सकें।

उक्त के अनुक्रम में निर्देशित किया जाता है कि अग्निवीर वायु इनटेक 02/2025 की भर्ती रैली के व्यापक प्रचार–प्रसार से संबंधित विंग कमांडर, कमान अधिकारी, 3 वायु सैनिक चयन केन्द्र वायुसेना स्टेशन कानपुर के पत्र दिनांकः 22.06.2024 में की गयी अपेक्षानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/परिषद/2024/3052-53 **तद्‌दिनांकः 19/07/2024**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उप सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3 उत्तर प्रदेश शासन।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव